आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 03.03.2026 समय : 0705

<><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बजट के बाद आयोजित होने वाले वेबिनार को संबोधित करेंगे।
2. दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से दक्षिण अंडमान के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक सुनवाई का आयोजन किया जाएगा।
3. काबाईंस कोव तट पर बीच होली का आयोजन–जिला उपायुक्त ने सुचारू यातायात के निर्देश जारी किए।
4. समाज कल्याण निदेशालय ने द्वीपों के ट्रांसजेंडरों से ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने को कहा हैं।

<><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बजट के बाद आयोजित होने वाले वेबिनार को संबोधित करेंगे, जिसका विषय है आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाना। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सूचित किया है कि इस वेबिनार में औद्योगिक विस्तार, तकनीकी क्षेत्र में महारत हासिल करने और महत्वपूर्ण क्षेत्रों की नींव को सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे दूरदर्शी सुधारों पर चर्चा की जाएगी। कार्यालय ने कहा कि ये विचार–विमर्श प्राथमिकताओं को प्रभावी कार्यों में बदलने पर केंद्रित होगा। उद्योग जगत के प्रतिभागियों के जमीनी अनुभव से प्राप्त मार्गदर्शन प्रभावी कार्यान्वयन में सहायक होगा।

<><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से दक्षिण अंडमान के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक सुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इस सिलसिले में 7 मार्च को सिप्पीघाट पंचायत भवन में कालीकट और सिप्पीघाट ग्राम पंचायत के लिए और 8 मार्च को वन्डूर, गुप्तापाड़ा और हम्फ्रीगंज पंचायत के लिए सुबह 10 बजे सार्वजनिक सुनवाई रखी गई है। इससे पहले जिला स्वास्थ्य समिति और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से संबंधित स्थानों पर सुबह 7 से योग सत्र आयोजित किया जाएगा। इसके बाद टीम विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य विभागीय बुनियादी ढांचों का दौरा करेगी। कार्यक्रम में सभी अधिकारियों और आम जनता को उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने कल डिगलीपुर तहसील के विभिन्न स्थानों पर वन अतिक्रमण क्षेत्र में रह रहे निवासियों से मुलाकात की। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने सांसद के समक्ष आवासीय अधिकार को वैध घोषित करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि वे पिछले 30 से 40 वर्षों से वन क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें मूलभूत सुविधाएं और आवश्यक सेवाएं उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। ग्रामीणों ने न्यायसंगत एवं मानवीय समाधान के लिए सांसद से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की। सांसद ने इस विषय को सरकार के संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संतुलित एवं वैधानिक समाधान की आवश्यकता पर बल दिया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में 9 से 23 मार्च तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तीर्थंकर घोष और न्यायाधीश चैताली चटर्जी (दास) बैठक की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

बाराटांग के सुंदरगढ़ स्थित मैसर्स मोहन मुथा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के बिटुमेन हीटिंग प्लांट में पहली मार्च शाम को आग लगने के कारण 20 टन की क्षमता वाला यह प्लांट तेज लपटों की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन सेवा कर्मी थाना प्रभारी एस सुब्बा राज के नेतृत्व में दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। टीम ने तत्काल कार्रवाई कर आग पर काबू पा लिया। दुर्घटना में किसी के भी हताहत या घायल होने की सूचना नहीं मिली है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग कार्बाइसं कोव तट पर कल सुबह 9 बजे से 'बीच होली' के 10वें संस्करण का आयोजन करने जा रहा है। 'विटामिन सी और विटामिन जी' टैगलाइन के साथ समुद्र किनारे संगीत, संस्कृति और उत्सव के रंगों का यह कार्यक्रम एक शानदार संगम होगा। इस अवसर पर ALLPHA म्यूजिकल ग्रुप, फ्रेंड कल्चरल ग्रुप और BRW विंग की ओर से प्रस्तुतियाँ दी जाएँगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त ने कल होली के अवसर पर कार्बाइंस कोव तट पर होने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात के लिए निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत कार्बाइंस चौक जंक्शन से मजार पहाड़ जाने वाले मार्ग को एक–तरफा घोषित किया गया है। मजार पहाड़ से कार्बाइंस कोव की ओर दुपहिया वाहनों को छोड़कर किसी भी वाहन को आने की अनुमति नहीं होगी। इस अवधि के दौरान इस मार्ग पर

भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। चक्कर गांव स्थित चिल्ड्रन पार्क से कार्बाइंस कोव मार्ग की ओर जाने वाली सड़क सामान्य वाहनों के लिए बंद, जबकि दुपहिया वाहनों के लिए खुली रहेगी। यह आदेश कल सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक लागू रहेगा।

<><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के अनुसार द्वीपसमूह में रहने वाले ट्रांसजेंडर 'उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019' के तहत ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह आवेदन भारत सरकार के निर्धारित ट्रांसजेंडर पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। यह प्रमाणपत्र लैंगिक पहचान को कानूनी मान्यता प्रदान करता है और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, लाभों और अधिकारों तक पहुँच को आसान बनाता है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए आवेदक संबंधित उपायुक्त कार्यालय या समाज कल्याण निदेशालय से संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने पंचायती राज संस्थानों, प्रतिनिधियों और नागरिक समाज के सदस्यों से इस बारे में जागरूकता फैलाने में सहयोग करने और पात्र व्यक्तियों को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की है। यह पहल समाज के समावेशी विकास और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई है।

<><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में इतिहास विषय के लिए अतिथि संकाय के 01 रिक्त पद पर चयन हेतु वॉक–इन–इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। साक्षात्कार 05 मार्च को सुबह 10 बजे से आरंभ होगा। इच्छुक उम्मीदवारों को आवश्यक दस्तावेज के साथ साक्षात्कार में उपस्थित रहने को कहा गया है। साक्षात्कार/डेमो, आवेदन पत्र और अन्य निर्देशों का विवरण कॉलेज की वेबसाइट नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग द्वारा शिक्षा विभाग और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 7 और 8 मार्च को नेताजी स्टेडियम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह साढ़े आठ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। दो श्रेणियों में आयोजित इस प्रतियोगिता में 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग और 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। इसके अलावा रस्साकशी, पासिंग द बॉल और म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताएं सभी के खुली

रहेंगी। इस अवसर पर खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से एरोबिक और जुम्बा का प्रदर्शन किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी अपना नाम पी ई टी शामली बैरागी के पास 7 मार्च, सुबह 8 बजे तक दर्ज करा सकते हैं।

<><><><><><><>

पर्यावरण एवं वन विभाग में फॉरेस्ट रेंजर के पद पर भर्ती की जाएगी। इस सिलसिले में विभाग ने मूल प्रमाणपत्रों के सत्यापन, शारीरिक मानक मापन और शारीरिक परीक्षा के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी की है। चयनित उम्मीदवारों से 16 और 17 मार्च को अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है। सूची विभाग की वेबसाइट के अलावा प्रशासन की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

<><><><><><><>